# कार्यालय कलेक्टर, जिला खनिज संस्थान न्यास जिला–सरगुजा (छ0ग0)

## //संविदा के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन//

अम्बिकापुर दिनांक 15/12/2025

**विज्ञापन क्रमांक/12034/डी.एम.एफ./कले./2025::** छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का आदेश क्रमांक एफ 7–34/2016/XII नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 23.03.2021 में दिये गये स्वीकृति अनुसार जिला खनिज संस्थान न्यास (DMFT) अंतर्गत जिला कार्यालय सरगुजा में स्वीकृत 02 पद सहायक ग्रेड–03 (संविदा) पद की भर्ती हेतु जिले के आरक्षण रोस्टर अनुसार कार्यालय कलेक्टर, कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक–90 जिला–सरगुजा में दिनांक 16/12/2025 से दिनांक 31/12/2025 तक कार्यालयीन समय पर स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित योग्यता धारक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

- **सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास, जिला–सरगुजा में भर्ती (विज्ञापन) जारी करने हेतु रिक्त पदों का विवरण :–**

| क्र0 | पद का नाम | कुल पद | वेतनमान | वर्गवार | आयु | | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | न्यूनतम | अधिकतम | |
| 1 | सहायक ग्रेड–03 | 02 | रूपये 14200/– (एकमुश्त प्रतिमाह) | अनारक्षित–01 (मुक्त)<br>अ.ज.जा.–01 (मुक्त) | 21 वर्ष | 40 वर्ष | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से (10+2) परीक्षा न्यूनतम 50% प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय (DCA) डिप्लोमा प्रमाण पत्र।<br>3. मान्यता प्राप्त संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी एवं अंग्रेजी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र। |

**सहायक ग्रेड–03 (संविदा) हेतु चयन की प्रक्रिया :–**

1. **लिखित परीक्षा– 60 अंक :–** जिला स्तर पर कलेक्टर सह पदेन अध्यक्ष, सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास की गठित समिति द्वारा एक लिखित स्वतंत्र प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जावेगी, जिसमें 60 अंकों का एक प्रश्न पत्र होगा, जिसके सभी 60 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होगे, जिसमें प्रत्येक प्रश्न का 1–1 अंक होगा। प्रत्येक

प्रश्न के उत्तर के चार विकल्प दिये जावेंगे, जिनमें से सही उत्तर पर **राईट** (√)का चिन्ह नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से लगाना होगा। एक से अधिक विकल्प पर चिन्ह लगाये जाने पर उत्तर गलत माना जावेगा। परीक्षा अवधि 01 घण्टे की होगी।

2. लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा मेरिट अंकों के आधार पर रिक्त पदों के 10 गुना उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा। लिखित परीक्षा में मेरिट सूची के अंतिम क्रमांक पर एक समान अंक प्राप्त करने वाले सभी उम्मीद्वारों को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जावेगा।
3. **कौशल परीक्षा– 30 अंकः**–प्रायोगिक/कौशल परीक्षा का आयोजन 30 अंक का होगा।
4. **अनुभव– 10 अंक :**– कार्यानुभव प्रत्येक वर्ष पर 02 अंक अधिकतम 10 अंक। अनुभव का लाभ केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालय में कार्य करने वाले आवेदक को दिया जावेगा। इस हेतु अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति एवं बैंक स्टेटमेंट संलग्न किया जाना आवश्यक होगा।

**नियम एवं अन्य शर्तें :–**

1. छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।
2. छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
3. उपरोक्त संविदा सेवा में मासिक एक मुश्त वेतन देय होगा। इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जावेगा।
4. नियुक्ति वर्ष 01.04.2025 की स्थिति में संविदा नियुक्ति हेतु 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होना चाहिए। आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग छ.ग. द्वारा समय–समय पर आयु सीमा में दी गई छूट संबंधी आदेश/निर्देश लागू होंगे।
5. संविदा नियुक्ति 01 वर्ष के लिए होगी। विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आकलन कर संविदा अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया जावेगा।
6. संविदा नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी संवदिा नियम 2012 में निहित शर्तों के अनुसार की जावेगी।
7. संविदा नियुक्ति पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई हैं एवं बिना किसी पूर्व सूचना के संविदा सेवा समाप्त की जा सकेगी।
8. संविदा नियुक्त व्यक्ति को सेवा समाप्ति पश्चात्, उक्त संविदा सेवा अवधि के लिये किसी भी प्रकार का पेंशन उपक्रम या मृत्यु लाभ, कर्मचारी की पात्रता नहीं होगी।
9. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य होगा। समक्ष अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।
10. अ.ज.जा. वर्ग के आवेदकों को जाति की पुष्टि में प्राधिकृत अधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

11. नियुक्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति के निराकरण के संबंध में नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी का निर्णय/आदेश अंतिम व बंधनकारी होगा।

12. आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति स्वप्रमाणित संलग्न करना होगा। वांछित प्रमाण पत्र नहीं होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा। इसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

13. आवेदन पत्र पर पासपोर्ट साईज का नवीनतम अभिप्रमाणित फोटो चिपकाना अनिवार्य है।

14. अपूर्ण/अस्पष्ट/त्रुटिपूर्ण/हस्ताक्षर विहीन/आरक्षण के विपरीत/वांछित अर्हता, योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न होना नहीं पायं जाने तथा निर्धारित अर्हता व योग्यता नहीं रखने वाले आवदकों के आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा , जिसकी पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी, जिसके लिये आवेदक स्वतः उत्तरदायी होगा।

15. आवेदन पत्र बंद लिखाफे में कार्यालय कलेक्टर, कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक–90 जिला–सरगुजा पिन नम्बर 497001 दिनांक 16/12/2025 से दिनांक 31/12/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक स्वीकार किया जावेगा।

16. नियुक्ति आदेश के पूर्व समस्त मूल प्रमाण पत्र जांच सही पाये जाने पर नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा।

17. चिकित्सा एवं पुलिस सत्यापन के पश्चात् कार्यभार ग्रहण कराया जावेगा।

18. विज्ञापन से संबंधित निर्धारित शर्ते व नियम आवेदन पत्र का प्रारूप का अवलोकन हेतु जिले के वेबसाईट www.surguja.nic.in पर देखा जा सकता है।

19. उम्मीदवारों के द्वारा अपनी आयु सत्यापन हेतु पांचवीं, आठवीं, हाई स्कूल प्रमाण पत्र/अंकसूची की प्रमाणित (स्वयं सत्यापित) छायाप्रति आवेदन के साथ लगाना अनिवार्य है।

**टीप :–**यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि, वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूरा करते हैं, अतः आवेदन करने से पहले आवेदक अपने अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी।

**संलग्नः– आवेदन पत्र का प्रारूप।**

15/12/25

**कलेक्टर सह पदेन अध्यक्ष**
**सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास**
**जिला–सरगुजा(छ0ग0)**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| | |
|---|---|
| आवेदित पद का नाम | :–............................................................................ |
| वर्ग (जाति) | :–............................................................................ |
| लिंग | :–............................................................................ |

प्रति,

कलेक्टर सह पदेन अध्यक्ष,
सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास
जिला सरगुजा(छ0ग0)

नवीनतम पासपोर्ट फोटो स्वयं द्वारा प्रमाणित

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :–........................................................................
   (अंग्रेजी में) :–........................................................................
2. पिता / पति का नाम :–........................................................................
3. अ. जन्मतिथि अंकों में :–........................................................................
   ब. शब्दों में :–........................................................................
4. दिनांक 01.04.2025 को आयु :–वर्षः–..............माहः–...............दिनः–..............
5. जन्म स्थान :–ग्राम / नगर.........................तहसील...................
   जिला...................................................................
6. अ. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :–........................................................................
   ........................................................................
   ........................................................................
   ..........................................पिन...............................
   ब. स्थायी पता :–........................................................................
   ........................................................................
   ..........................................पिन...............................

   मोबाईल नम्बर.......................................................
7. क्या आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी है? :–........................................................................
   (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करें)
8. क्या आवेदक छ.ग. शासन द्वारा छ.ग. राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जाति / जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है? हां / नहीं :–........................................................................
   (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा स्थायी जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)
9. **शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता**

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | विषय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

10. अनुभव का विवरणः–

| क्रमांक | कार्यरत कार्यालय का नाम | पदनाम | कब से कार्यरत | कब तक कार्यरत | कार्य की कुल अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

11. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में सेवारत है? हां/नहीं (यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) :–...............................................................................
    वर्तमान तथा पूर्व नौकरी का विवरण :–...............................................................................
    यदि हो तो, अनुभव का विवरण :–...............................................................................
12. क्या आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में अनुसंधान/विचारण हेतु लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है? हां, तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। :–...............................................................................
13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

1. ..............................................................
2. ..............................................................
3. ..............................................................
4. ..............................................................
5. ..............................................................
6. ..............................................................
7. ..............................................................
8. ..............................................................
9. ..............................................................
10. ...........................................................
11. ...........................................................
12. ...........................................................

आवेदक के हस्ताक्षर
आवेदक का नाम..................................

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि असत्य पायी जाती है तो मेरी उम्मीद्वारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांक ..............................
स्थान.............................

आवेदक के हस्ताक्षर
आवेदक का नाम..................................

## —:पावती:—

आवेदित पद का नाम.................................................................................................................................................

आवेदक का नाम.........................................................................................................................................................

पिता का नाम.............................................................................................................................................................

आवेदक का पूर्ण पता.................................................................................................................................................

...................................................................................................................................................................................

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर

नाम.............................................................................

पद नाम.....................................................................